सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर दिनांक 9-4-2021

# जागरूकता से ही थम सकती है कोरोना की रफ्तार : आनंदीबेन

राजेन्द्र सिंह



- उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दैनिक भास्कर से अनौपचारिक बातचीत की
- राज्यपाल ने कहा, चुनौतियों को पार करके दुनिया को एक बार फिर बताना है कि भारत एक श्रेष्ठ भारत है

**लखनऊ।** कोरोना की दूसरी लहर के बीच उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रहे कोरोना वायरस के संक्रमण पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दैनिक भास्कर से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि कोरोना दुनिया भर के लिए चुनौती बन गया है, लेकिन भारत हमेशा चुनौतियों से जूझने की हिम्मत रखता रहा है। चुनौतियों को पार करके दुनिया को एक बार फिर बताना है कि भारत एक श्रेष्ठ भारत है। कोरोना से बचने के लिए समाज को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। समाज सरकारों के भरोसे न रहे, बल्कि अपनी भी भूमिका अदा करे, तभी कोरोना नामक घातक बीमारी से हमें मुक्ति मिल सकेगी। मॉस्क, सैनिटाइजेशन, शारीरिक दूरी आदि उपाय जरूरी हैं। समाज के लोग अन्य लोगों को जागरूक करें कि कम से कम घर से निकलें, स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

राज्यपाल ने कहा हमारा सामाजिक ताना-बाना बदल गया है। छात्र और छात्राओं के लिए अपने भविष्य के प्रति, शिक्षा के लिए नई चुनौतीपूर्ण तकनीक के माध्यम से स्वयं को शिक्षित करना पड़ रहा है। चिकित्सा के क्षेत्र में भी हालात दिन प्रतिदिन कठिन होते जा रहे हैं। कोरोना वायरस से खुद को सुरक्षित रखने का सबसे बेसिक और महत्वपूर्ण उपाय है कि हम सफाई से रहें, इसलिए साफ-सफाई का ध्यान रखना सबसे जरूरी है। अपने हाथों को समय-समय पर धोते रहें। समय-समय पर साबुन और पानी से हाथ धोएं या आप चाहें, तो एक अल्कोहॉल बेस्ड सैनेटाइजर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन करने का जो आवाहन किया है, उसका पालन हर नागरिक पूर्ण रूप से करे। लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। इस कार्य में पब्लिक एड्रेस सिस्टम का व्यापक रूप से उपयोग और सोशल डिस्टेंसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। लोग मॉस्क का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में निगरानी समितियां प्रभावी रूप से कार्य करें। प्रत्येक गांव तथा वार्ड में निगरानी सामाजिक सहयोग से समितियों के माध्यम से किया जाए। नियमित व्यायाम और खान-पान का ध्यान रखें। संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग का कार्य प्रभावी ढंग से हो। प्रदेश सरकार ने कोविड चिकित्सालयों में पर्याप्त संख्या में बेड्स की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश पूर्व में दिये हैं। कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए तय गाइडलाइंस का कड़ाई से पालन करना होगा, क्योंकि यही एकमात्र उपाय है, जिससे कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को रोकने में सम्यक मदद मिल सकती है।